भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 756
बुधवार, 7 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

डॉप्लर मौसमी रडार

†756. श्री नारणभाई काछड़िया:
श्री बिद्युत बरन महतो:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सी बैंड और एक्स बैंड रडार के बीच अंतर के साथ-साथ सी और एक्स बैंड में से प्रत्येक की कवरेज रेंज क्या है;

(ख) इस परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और इस प्रयोजनार्थ चयनित स्थल का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा संपूर्ण तटीय क्षेत्रों के किसानों को मौसम की सही सूचना प्रदान करने के लिए गुजरात और झारखंड में उपयुक्त स्थलों पर एक्स-बैंड डॉप्लर रडार स्थापित करने के लिए क्या नए कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) सी-बैंड रडार लगभग 5 सेमी तरंग दैर्ध्यपर कार्य करते हैं, जबकि एक्स-बैंड रडार 3 सेमीतरंग दैर्ध्य पर कार्य करते हैं। सी-बैंड रडार एंटेना एक्स-बैंड रडार एंटेना से बड़े होते हैं। सी-बैंड रडार अपने केंद्र से 250 किलोमीटर की रेडियल कवरेज प्रदान करता है, जबकि एक्स-बैंड रडार 100 किलोमीटर की दूरी कवर करता है।

(ख) वर्तमान में, देश भर में 39 डॉप्लर मौसम रडार स्थापित किए गए हैं। भारतीय क्षेत्र के अनेक राज्यों में विषम मौसम की स्थितियों पर नजर रखने के लिए इन रडारों के स्थानों को बेहतर ढंगसे वितरित किया गया है। इसका विवरण अनुलग्नक -1 में दिया गया है।

(ग) भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुजरात के अहमदाबाद और झारखंड के रांची में सी-बैंड डॉप्लर मौसम रडार स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है।

अनुलग्नक -1

भारत में डॉप्लर मौसम रडार नेटवर्क, इनके स्थान और राज्यों के नाम

क्र.सं.	राज्य	स्टेशन का नाम	*डॉप्लर मौसम रडार* टाइप
1.	पश्चिम बंगाल	कोलकाता	एस-बैंड
2.	आंध्र प्रदेश	मछलीपट्टनम	एस-बैंड
3.		विशाखापत्तनम	एस-बैंड
4.		हैदराबाद	एस-बैंड
5.		श्रीहरिकोटा (इसरो),	एस-बैंड
6.	दिल्ली	पालम	एस-बैंड
7.		नई दिल्ली मुख्यालय	सी-बैंड (पोलरीमेट्रिक)
8.		आया नगर	एक्स-बैंड
9.	महाराष्ट्र	नागपुर	एस-बैंड
10.		मुंबई	एस-बैंड
11.		मुंबई वेरावली	सी-बैंड
12.		सोलापुर	सी-बैंड
13.	त्रिपुरा	अगरतला	एस-बैंड
14.	बिहार	पटना	एस-बैंड
15.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	एस-बैंड
16.	पंजाब	पटियाला	एस-बैंड
17.	असम	मोहनबाड़ी	एस-बैंड
18.	मध्य प्रदेश	भोपाल	एस-बैंड
19.	ओडिशा	पारादीप	एस-बैंड
20.		गोपालपुर	एस-बैंड
21.	तमिलनाडु	कराईकल	एस-बैंड
22.		चेन्नई एनआईओटी	एक्स-बैंड
23.		चेन्नई	एस-बैंड
24.	गोवा	गोवा	एस-बैंड
25.	गुजरात	भुज	एस-बैंड
26.	राजस्थान	जयपुर	सी-बैंड (पोलरीमेट्रिक)
27.	जम्मू एवं कश्मीर	श्रीनगर	एक्स-बैंड
28.		जम्मू	एक्स-बैंड
29.		बनिहाल टॉप	एक्स-बैंड
30.	केरल	कोच्चि	एस-बैंड
31.		वीएसएससी (इसरो) तिरुवनंतपुरम	सी-बैंड

32.	उत्तराखंड	मुक्तेश्वर	एक्स-बैंड
33.		सुरकंडा देवी	एक्स-बैंड
34.		लैंसडाउन	एक्स-बैंड
35.	लद्दाख	लेह	ट्रांस्पोर्टेबलएक्स-बैंड
36.	हिमाचल प्रदेश	कुफरी	एक्स-बैंड
37.		जोत	एक्स-बैंड
38.		मुरारी देवी	एक्स-बैंड
39.	मेघालय	चेरापूंजी (इसरो)	एस-बैंड

****